# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2668**
**दिनांक-10.11.2025**

**जोन- पूर्वी/ थाना-गुडम्बा**

- **थाना गुडम्बा पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले 01 नफर वांछित/वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-सक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 18.09.2025 को वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 385/2025 धारा 65(1)/115(2)/352/351(3) बी.एन.एस. व 5/6 पाक्सो एक्ट विरुद्ध मो0 जुवैर पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम हरदोईयां थाना सिधौली जनपद सीतापुर व अन्य के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त मो0 जुबैर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु मा0 न्यायालय द्वारा NBW निर्गत किया गया था।

आज दिनांक 10.11.2025 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित / वारण्टी मो0 जुवैर पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम हरदोईयां थाना सिधौली जनपद सीतापुर को प्रभारी निरीक्षक गुडम्बा मय हमराही पुलिस बल के सैन्ट मैरी से मौर्या भट्टा वाले मार्ग थाना क्षेत्र गुडम्बा लखनऊ से गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-अपराध का उद्देशयः-**

अभियुक्त जुबैर पुत्र महफूज द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना एंव अभियुक्त व अभियुक्त के परिवारीजन द्वारा वादिनी व वादिनी की पुत्री साबरून उर्फ साबरीन के साथ गाली -गलौज करना ,व जान से मारने की धमकी देने का अपराध कारित किया गया है।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1.मो0 जुवैर पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम हरदोईयां थाना सिधौली जनपद सीतापुर उम्र 19 वर्ष (कपड़े कटिंग का कार्य करता है)

**04-आपराधिक इतिहास**

1.मु0अ0सं0 385/25 धारा धारा 65(1)/115(2)/352/351(3) बी.एन.एस. व 5/6 पाक्सो एक्ट

**06- अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना गुडम्बाः-**

1. SHO श्री प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव
2. अति0 निरी0 श्री भानु प्रताप सिंह
3. का0 दुर्वेश कुमार
4. का0 रवेन्द्र पाल सिंह

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**दिनांक- 10.11.2025**

## मिशन शक्ति 5.0

## हर गाँव सुरक्षित, हर नारी सजग; मिशन शक्ति से होगा यह सफर।

**थाना रहीमाबाद टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत रहीमाबाद थाना क्षेत्र में स्थित मां बाराही देवी मंदिर में महिलाओं व बच्चो को मिशन शक्ति अभियान के तहत नए कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया जागरूक।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- उ0नि0 अनिरुद्ध कुमार मिश्र, थाना रहीमाबाद लखनऊ कमिश्नरेट
- रहीमाबाद थाना क्षेत्र में स्थित बाराही देवी मंदिर प्रांगण ।

### प्रतिभाग-

- उ0नि0 सैम अल जैदी थाना रहीमाबाद लखनऊ कमिश्नरेट
- उ0नि0 अनिरुद्ध कुमार मिश्र, थाना रहीमाबाद लखनऊ कमिश्नरेट
- का0 मनु कुमार थाना रहीमाबाद लखनऊ कमिश्नरेट.
- का0 रणविजय गौतम थाना रहीमाबाद लखनऊ कमिश्नरेट
- रहीमाबाद थाना क्षेत्र में स्थित बाराही देवी मंदिर में दर्शन करने आई **करीब 20-30 महिलाए व बच्चे।**

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 10/11/2025 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत माँ बराही देवी मंदिर सस्पन में आए श्रद्धालुओं को मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला अपराधों की रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1098, 1090, 181, 1076, 1930, 101, 112, 102 और 108 की जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त एंटी रोमियो टीम, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल एवं महिला शक्ति केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए उनके प्रति सचेत किया गया तथा उनसे बचाव के उपायों हेतु टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के बारे में अवगत कराया गया और नए कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया। साथ ही साथ यातायात माह के दृष्टिगत श्रद्धालुओं को बिना हेलमेट, तीन सवारी, अत्यधिक गति में वाहन न चलाएं और यातयात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## कार्यक्रम का उद्देश्य:

- ❖ **भरोसा और पारदर्शिता:** ऐसे संवाद पुलिस और समुदाय के बीच की खाई को पाटते हैं। जनता की चिंताओं को सीधे सुनना और उनका समाधान बताना विश्वास बढ़ाता है।
- ❖ **डर का अंत:** अक्सर महिलाएं और उनके परिवार घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने से हिचकिचाते हैं। ऐसे माहौल में वे अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी और बिना डर के आगे आ सकेंगी।
- ❖ **त्वरित कार्रवाई:** सीधे संवाद से समस्याओं को जल्दी समझा और हल किया जा सकता है। पुलिस को स्थानीय स्तर पर किन चुनौतियों का सामना है, यह सीधे पता चलता है।
- ❖ **जागरूकता:** पुलिस महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों, सेल्फ-डिफेंस के गुर, और तकनीकी सहायता के बारे में जानकारी दे सकती है।

## महिलाओं को निम्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया:

**1. महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी**

* दहेज प्रतिषेध अधिनियम
* घरेलू हिंसा अधिनियम
* बाल विवाह निषेध अधिनियम
* कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम

**2. महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी**

* 1090 (वुमेन पावर लाइन)
* 112 (आपातकालीन सेवा)
* 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन)

**3. साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय**

* सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखना
* साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी

**महिलाओं को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में वे तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें अथवा मैसेज के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।**

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आज दिनांक आज दिनांक 10.11.2025 को थाना अलीगंज टीम द्वारा MVM इंटर कॉलेज में 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50-60 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 1930 आदि), 'यूपी-कॉप' एप्लिकेशन, तथा गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को साइबर अपराधों से सजग करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना था, जो सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से एक सुरक्षित एवं सशक्त समाज की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, उन्हें यूपी-100 (यूपी कोप) एवं आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी एवं बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यो के बारे में जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति के तहत विषय:

- **महिला सशक्तिकरण:** लड़कियों को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और आत्म-रक्षा के बारे में जागरूक करना।
- **सुरक्षा और आत्मरक्षा:** महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोर देना।
- **कानूनी ज्ञान:** यौन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग आदि के खिलाफ कानूनी रूप से क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इसकी जानकारी देना।

## साइबर जागरूकता के तहत विषय:

- **सुरक्षित इंटरनेट उपयोग:** सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग आदि में सतर्कता बरतने के तरीके।
- **साइबर बुलिंग और उत्पीड़न:** इनकी पहचान कैसे करें और इससे कैसे निपटें।
- **डेटा गोपनीयता:** व्यक्तिगत जानकारी और फोटो ऑनलाइन साझा करते समय सावधानी।
- **साइबर ठगी:** ऑनलाइन धोखाधड़ी, फ़िशिंग आदि से बचाव के उपाय।
- **डिजिटल फुटप्रिंट:** इंटरनेट पर अपनी गतिविधियों का दीर्घकालिक प्रभाव।

## कार्यक्रमों का महत्व:

1. **बच्चो को सशक्त बनाना:** यह कार्यक्रम छात्रों को ज्ञान और कौशल से लैस करता है ताकि वे ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही दुनिया में सुरक्षित और आत्मविश्वासी बन सकें।
2. **जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता:** स्कूल स्तर से ही साइबर सुरक्षा की शिक्षा देना भविष्य के लिए जिम्मेदार डिजिटल नागरिक तैयार करने में मदद करता है।
3. **सामाजिक दायित्व:** यह स्कूल द्वारा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी "मिशन शक्ति" योजना के तहत छात्राओं को व्यापक रूप से जागरूक किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य लक्ष्य युवतीओं को सशक्त बनाना है। उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं के संरक्षण से जुड़े कानूनों, और साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर भी सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। इस मिशन का समग्र उद्देश्य छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर, उन्हें आत्मविश्वासी, सजग और स्वावलंबी नागरिक बनाना है, ताकि वे एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें तथा देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**दिनांक- 10.11.2025**

**बच्चों के सपने, बच्चों की उड़ान, मिशन शक्ति ने बढ़ाया मान!**

**साइबर हेल्पलाइन, यूपी-कॉप साथ है,**

**थाना इन्दिरानगर की पिंक बूथ 69 की टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत खर्रम नगर की अबरार नगर कॉलोनी, इन्दिरानगर में महिलाओं व बच्चो को किया जागरूक, साइबर हेल्पलाइन एवं up cop आदि के साथ महिलाओ को समर्पित सरकारी योजनाओ के बारे में किया जागरूक।**

इंदिरानगर पुलिस की यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। ऐसे प्रयासों को पूरे देश में और अधिक बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। बच्चों को आत्मविश्वास से भरना ही उन्हें सुरक्षित रखने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति के तहत, थाना इन्दिरानगर की पिंक बूथ 69 की टीम ने एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल के द्वारा टीम ने गली-मोहल्लों में महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाते हुए स्थानीय महिलाओं, छात्राओं और बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। यह प्रयास महिला सुरक्षा के नए सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो 'पिंक बूथ' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और समुदाय में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### आयोजक-

- म0हे0का0 रूपा पाण्डेय, थाना इन्दिरानगर पिंक बूथ 69, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का0 रेखा कुमारी, थाना इन्दिरानगर पिंक बूथ 69, लखनऊ कमिश्नरेट।
- खुर्रम नगर थाना इंदिरा नगर द्वारा अबरार नगर कॉलोनी की महिलाओं व बच्चे।

### प्रतिभाग-

- म0हे0का0 रूपा पाण्डेय, थाना इन्दिरानगर पिंक बूथ 69, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का0 रेखा कुमारी, थाना इन्दिरानगर पिंक बूथ 69, लखनऊ कमिश्नरेट।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत श्रीमान जी, आज दिनांक 10.11.25 को पिंक बूथ 69 खुर्रम नगर थाना इंदिरा नगर द्वारा अबरार नगर कॉलोनी में जाकर महिलाओं को मिशन शक्ति एंटी रोमियो मय टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के बारे में मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों,उद्देश्य तथा इस केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के संबंध में जागरुक किया गया व बच्चों को बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ महिलाओ की सुरक्षा, नारी स्वलम्बन, साईबर जागरूकता आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया एवं मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत बच्चों महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र के बारे में मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों,उद्देश्य तथा इस केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के संबंध में जागरुक किया गया।

बच्चों/महिलाओं को महिलाओ की सुरक्षा, नारी स्वलम्बन, साईबर जागरूकता आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति के तहत विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं up cop आदि के साथ महिलाओ को समर्पित सरकारी योजनाओ के बारे में जागरूक किया गया।

**"मिशन शक्ति 5.0 हमारे समाज के लिए एक सुदृढ़ और प्रगतिशील भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है। यह मिशन ऐसे समाज के निर्माण के संकल्प को दर्शाता है, जहाँ हर बच्चा, विशेष रूप से बच्चियाँ, सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त होकर अपने सपनों का भविष्य गढ़ सकें। इसका उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके सफर में एक मार्गदर्शक और सहयोगी की भूमिका निभाना है, ताकि वे हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे सकें।"**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 10.11.2025**

**मिशन शक्ति 5.0-**

**"सुरक्षित समाज की पहचान – सशक्त महिला, जागरूक इंसान!"**

थाना बंथरा पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत औरावां में जाकर महिलाओं/बालिकाओं एवं पुरुषों को यातायात, साइबर सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल एवं महिला से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप के बारे में किया जागरूक।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक सराहनीय कदम है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- महिला उपनिरीक्षक श्रीमती गुलाबकली, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट
- ग्राम पंचायत औरावां में जाकर महिलाओं/बालिकाओं पुरुषों एवं लोगों को किया गया जागरूक।

### प्रतिभाग-

- महिला उपनिरीक्षक श्रीमती गुलाबकली, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- उपनिरीक्षक श्री रमेश चंद्र थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- महिला हे0का0 सविता गौर, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- महिला आरक्षी मीनू अग्निहोत्री थाना बंथरा लखनऊ कमिश्रेट।
- अन्य महिला बीट अधिकारी व एंटी रोमियो टीम।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 10/11/2025 को ग्राम पंचायत औरावां में जाकर महिलाओं/बालिकाओं पुरुषों एवं लोगों को यातायात माह, साइबर सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल एवं महिला से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी दी गई। एवं साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना था। महिलाओं को बताया गया कि कौन-कौन से आचरण एवं व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा ऐसे मामलों में कानून किस प्रकार उनकी सहायता करता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। उन्हें यह भी बताया गया कि ओटीपी (OTP) या व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें तथा ऑनलाइन लेन-देन करते समय विशेष सावधानी बरतें।

महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों — 1076, 1090, 112, 181, 1930, 102, 108 — की जानकारी दी गई ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

इसके अतिरिक्त, थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिससे महिलाएँ इन केंद्रों से परामर्श एवं त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

साथ ही, उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को गुड टच–बैड टच, पॉक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी शिक्षित किया गया।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

### 1. कानूनी जागरूकता

महिलाओं को उन आचरणों एवं व्यवहारों की जानकारी दी गई जो अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्हें अपने अधिकारों एवं कानूनी सीमाओं के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे आत्मरक्षा और न्याय की दिशा में सशक्त बन सकें।

### 2. साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन जागरूकता

महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हें यह समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, और किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

### 3. सहायता केंद्रों की जानकारी

थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, एवं मिशन शक्ति केंद्र की उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि वे इन केंद्रों से सहायता, परामर्श एवं शिकायत दर्ज करने हेतु संपर्क कर सकती हैं।

## निष्कर्ष

यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस पहल से महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं समाज में अपनी भूमिका के प्रति सजगता बढ़ी।